दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 142 मुरादाबाद, 11 September 2023 (Monday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी ने खुद नीतीश कुमार को अमेरिकी राष्ट्रपति से मिलवाया, आखिर क्यों हो रही इस तस्वीर की चर्चा?



रात्रिभोज कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने खुद बिहार के सीएम नीतीश कुमार और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से मिलवाया। शनिवार शाम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जी20 नेताओं के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया। इस आयोजन में जी20 के नेताओं समेत देश के कई मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम की कई तस्वीरें सामने आई हैं लेकिन, एक तस्वीर ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। दरअसल इस तस्वीर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, बिहार के सीएम नीतीश कुमार और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन साथ खड़े नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि, रात्रिभोज कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने खुद बिहार के सीएम नीतीश कुमार और हेमंत सोरेन को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से मिलवाया। तस्वीर में सभी नेता मुस्कुराते दिखाई दे रहे हैं। खास बात ये है कि नीतीश कुमार विपक्ष गठबंधन का प्रमुख स्तंभ हैं और विपक्षी पार्टियों को एक साथ लाने में उनकी अहम भूमिका है। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन भी विपक्षी गठबंधन का हिस्सा हैं लेकिन इसके बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने दलगत राजनीति से ऊपर उठते हुए दोनों मुख्यमंत्रियों की मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति से कराई, जो भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती है। पीएम मोदी ने जी20 सम्मेलन के दौरान ना सिर्फ विदेशी मेहमानों को भारत दिखाया बल्कि ये भी दिखाया कि भारतीय लोकतंत्र कितना समृद्ध है। नीतीश कुमार और हेमंत सोरेन के अलावा पीएम मोदी ने तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन और हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू की भी मुलाकात अमेरिका के राष्ट्रपति से कराई।

# पीएम मोदी ने की शिखर सम्मेलन के समापन की घोषणा; ब्राजील को सौंपी जी20 की अध्यक्षता

जी20 शिखर सम्मेलन में रूस-यूक्रेन युद्ध पर प्रमुख मतभेदों को दूर करते हुए शनिवार को सदस्यों देशों ने 'नई दिल्ली लीडर्स समिट डिक्लेरेशन' को अपना लिया। यह भारत के लिए एक अहम कूटनीतिक कामयाबी है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक विश्वास की कमी को समाप्त करने का आह्वान भी किया। उन्होंने यह एलान किया कि अफ्रीकी संघ को जी20 के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।भारत मंडपम में लगी






प्रदर्शनी पर [illegible] प्रतिनिधि निकोल मेन्सा ने कहा कि यह एक सुंदर प्रदर्शनी है और मुझे लगता है कि वस्तुओं, कपड़ों, कलाकृतियों को देखना ही भारतीय संस्कृति का एक सुंदर प्रदर्शन है। एक अफ्रीकी के रूप में, मैं भी बहुत खुश हूं कि अफ्रीकन यूनियन को जी 20 में शामिल किया गया है। हमारे लिए यह बहुत फायदेमंद है। भारत मंडपम पर यूके प्रतिनिधि ने कही यह बात- भारत मंडपम में लगी प्रदर्शनी पर यूके प्रतिनिधि फ्रेडी ने कहा कि यह एक बेहतरीन अनुभव है। हम बहुत सी चीजें अपने साथ यूके वापस ले जाना चाहेंगे। कई महत्वपूर्ण चीजों पर चर्चा करने के लिए सभी नेताओं को एक साथ लाना हमेशा अच्छा होता है, उस समय बहुत सारे ऐतिहासिक क्षण घटित होते हैं। यूक्रेन स्पष्ट रूप से चर्चा का एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है और यूक्रेन के लिए हमारा समर्थन यूके के एजेंडे में सबसे ऊपर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित भव्य रात्रिभोज में प्रस्तुति देने वाली गुजराती लोक गायिका उर्वशी रदाडिया ने कहा कि मेरे लिए यह बहुत गर्व की बात है। इतने बड़े अंतर्राष्ट्रीय मंच पर विदेशी मेहमानों के सामने गुजराती लोक गायक के प्रदर्शन से हमारे इंडस्ट्री को भी बहुत फायदा मिलेगा। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करना चाहूंगी। ईश्वर तक पहुंचने का रास्ता संगीत है। संगीत एक ऐसी चीज है, जिससे हम एक-दूसरे को समझ सकते हैं।संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन डुजारिक ने कहा कि यह बहुत शानदार हैं, क्योंकि जो लोग सिर्फ कॉन्फ्रेंस और हॉटल के बीच ही जा सकते हैं, और जो लोग दिल्ली में नहीं घूम सकते, उनके लिए यह प्रदर्शनी पूरे भारत में घूमने जैसा है। मुझे लगता है अध्यक्ष के रूप में भारत ने ग्लोबल साउथ की आवाज बनने की दिशा में अच्छा काम किया है और यह तथ्य कि वे आम सहमति प्राप्त करने में सफल रहे हैं, जी20 के नेतृत्व का एक प्रमाण है। राजघाट पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राष्ट्राध्यक्षों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों को उपहार में दी गई खादी शॉल पर खादी ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि खादी आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक है। खादी हमारी देश की विरासत है और यह पूरे देशवासियों के लिए गर्व का विषय है कि आज खादी को विदेशी मेहमानों तक पहुंचाया जा रहा है और उन्हें पहनाया जा रहा है। इस प्रदर्शनी कक्ष में खादी का स्टॉल विदेशी मेहमानों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि पश्चिम ने भी बहुत पहले जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक परिणामों का मुकाबला करने के लिए अर्थशास्त्रियों को तैयार करने के लिए प्रति वर्ष 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया था, लेकिन उस पर कुछ भी नहीं किया गया है। घोषणा में उन कार्यों का भी उल्लेख है जिन्हें वैश्विक अर्थव्यवस्था में हितों का संतुलन सुनिश्चित करने के लिए लंबे समय से किए गए वादों के अनुसार करने की आवश्यकता है। रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि अभी एक लंबा सफर तय करना है लेकिन यह शिखर सम्मेलन एक मील का पत्थर रहा है। मैं भारतीय अध्यक्षता की सक्रिय भूमिका का भी उल्लेख करना चाहूंगा, जिसने इतिहास में पहली बार वास्तव में ग्लोबल साउथ से जी20 देशों को एकजुट किया है। लावरोव ने कहा कि आज के सत्र का समापन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह नवंबर के अंत में जी20 का एक और वर्चुअल सेशन बुलाएंगे। यह हमारे लिए उन समझौतों के कार्यान्वयन की समीक्षा करने का एक और अवसर होगा जिन पर हम आज पहुंचे हैं।अफ्रीकन यूनियन को जी20 में शामिल किए जाने पर विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा कि यह बहुत अच्छा है कि अफ्रीकन महाद्वीप में रहने वाले 1 बिलियन लोगों को त्र 20 देशों ने अपने साथ शामिल किया है। भारत की तरह वे सब लोग भी युवा हैं और उनकी महत्वाकांक्षा उनके भविष्य के लिए जरूरी हैं। मेरे ख्याल से यह बहुत अच्छा कदम है। भारत ने ना केवल इसको लेकर आवाज उठाई बल्कि अन्य देशों ने भारत का समर्थन भी किया जिसके लिए भारत को बधाई दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं इस बात का समर्थन करता हूं यह ( आम सहमति दस्तावेज ) इस तथ्य का सम्मान है कि जी20 नेतृत्व ने देने और लेने और बातचीत करने का एक तरीका ढूंढा और दुनिया के लिए एक रास्ता तय करने के लिए सहमत होने का एक सही तरीका ढूंढा। जी20 में विकासशील और विकसित देश दोनों हैं। विश्व का 80त्न त्नष्ठक्कएक साथ बैठा था। अगर वे इस पर सहमत नहीं होते तो वह सही संदेश नहीं होता। मैं भारत और उनके नेतृत्व और जी20 के सदस्यों को भी बधाई देता हूं कि वे सब लोग एक बहुत अच्छे घोषणा के साथ आए।वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ ने कहा कि बहुपक्षीय विकास बैंक को कैसे मजबूत बनाना है, उनके मैंडेट कैसे सुदृढ़ बनाने हैं, उसके लिए कैसे धनराशि की व्यवस्था करनी है, उन्हें कैसे आगे ले जाना है उस पर सहमति बनी है। मुख्य तौर पर क्रिप्टो तकनीक कैसे सहायक हो सकती है, उसके क्या पॉलिसी रिस्क हैं और इसके क्या विनियम होने चाहिए इस पर नेताओं से एक मजबूत समर्थन मिला है।जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि पिछले पांच दिनों के दौरान मैंने जकार्ता में आसियान-संबंधित शिखर सम्मेलन और नई दिल्ली में जी 20 शिखर सम्मेलन में भाग लिया। मैं शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में उत्कृष्ट नेतृत्व करने के लिए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो और भारत के प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अपना गहरा सम्मान और सराहना व्यक्त करता हूं। किशिदा ने कहा कि इस वर्ष के अध्यक्ष के रूप में भारत के नेतृत्व में हम जी 20 नेताओं की घोषणा पर सहमत होने में सक्षम थे, जो वास्तव में एक सार्थक उपलब्धि है। जापान जी7 के नतीजों को जी 20 तक पहुंचाने के इरादे से बातचीत में लगा हुआ है और हम हिरोशिमा शिखर सम्मेलन में पुष्टि किए गए बिंदुओं को जी 20 को सौंपने में सक्षम थे। मैं जी7 और जी20 द्वारा दिए गए परिणामों का पालन करने के लिए अन्य नेताओं के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो ने कहा कि जब हम महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए गए उस समय मैं बहुत भावुक हो ऊठा था। मेरे राजनीतिक जीवन में महात्मा गांधी का बहुत महत्व है क्योंकि अहिंसा का मैंने कई दशकों तक अनुसरण किया है, जब मैं श्रमिक आंदोलन के लिए लड़ा था। यही कारण है कि जब मैंने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की तो मैं भावुक हो उठा था।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि नवंबर 2023 तक जी20 की अध्यक्षता की जिम्मेदारी भारत के पास है। इन दो दिनों में आप सभी ने बहुत सारे सुझाव दिए, प्रस्ताव रखे। हमारा कर्तव्य है कि सुझावों की एक बार फिर से समीक्षा की जाए, ताकि यह देखा जा सके कि उनकी प्रगति को कैसे तेज किया जा सकता है। मेरा प्रस्ताव है कि नवंबर के अंत में हम जी 20 का एक वर्चुअल सत्र आयोजित करें। हम इस शिखर सम्मेलन में तय किए गए विषयों की समीक्षा उस वर्चुअल सत्र में कर सकते हैं। मुझे आशा है कि आप सभी वर्चुअल सत्र में जुड़ेंगे। इसके साथ मैं जी20 सत्र के समापन की घोषणा करता हूं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो को मैं हार्दिक शुभकामान देता हूं और उन्हें त्र 20 की अध्यक्षता सौंपता हूं।भारत ने ब्राजील को जी20 की अध्यक्षता सौंपी। इससे पहले पिछले भारत का इंडोनेशिया से अध्यक्षता मिली थी। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति को जी20 की अध्यक्षता सौंपी। अब अगले साल जुलाई-अगस्त में जी20 का आयोजन ब्राजील में होगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ लंच मीटिंग करेंगे। प्रधानमंत्री कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ एक अलग बैठक करेंगे। बाद में वे कोमोरोस, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया, ईयू/ईसी, ब्राजील और नाइजीरिया के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय राजनीति और इतिहास के सहायक प्रोफेसर ट्रिस्टन नायलर ने बताया कि घोषणा होना पीएम मोदी और जी 20 के मेजबान के लिए एक सफलता है। इस शिखर सम्मेलन का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम अफ्रीकी संघ को जी 20 के पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल करना है। यह इसे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। भारत ग्लोबल साउथ और अन्य कारकों, चाहे वह पश्चिम हो या खाड़ी देश, मध्य पूर्व, चीन और रूस, के बीच एक पुल के रूप में कार्य करने के लिए अच्छी स्थिति में है। भारत कूटनीतिक रूप से अच्छी स्थिति में है, जो निश्चित रूप से उसे समूह में शामिल नहीं किए गए लोगों के साथ संबंध बनाने में लाभ देता है।दक्षिण अफ्रीका से प्रतिनिधि जोडवा लाली ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में हमारा एक बहुत बड़ा भारतीय समुदाय है, इसलिए भारत हमारे राष्ट्रीय ढांचे का एक बहुत मजबूत हिस्सा है। हमारे बीच संबंध बहुत लंबे, बहुत गहरे हैं और हमारे संघर्ष के दौरान भारत हमारा बहुत मजबूत मित्र था। क्रिकेट के मैदान को छोड़कर भारत और दक्षिण अफ्रीका बहुत करीबी दोस्त हैं। मैं यहां निजी दौरे पर आना चाहूंगी। जी20 के मुख्य समन्वयक हर्ष वर्धन श्रृंगला ने कहा कि एक साधारण बहुपक्षीय प्रक्रिया में आपको सम्मेलन के आखिरी दिन तक एक आम सहमति दस्तावेज के लिए इंतजार करना पड़ता है। भू-राजनीति पर अलग-अलग विचारों के आज के दिन में, यह तथ्य कि हम अपने अध्यक्षता के पहले ही दिन अपने प्रत्येक त्र 20 साझेदारों के समर्थन से आम सहमति दस्तावेज के साथ आए हैं, मुझे लगता है कि यह एक जबरदस्त सकारात्मक खबर है।इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो ने जी 20 शिखर सम्मेलन के तीसरे सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पौधा सौंपा।जी20 शिखर सम्मेलन के समापन के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन दिल्ली से वियतनाम के लिए रवाना हुए।राष्ट्राध्यक्षों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों ने दिल्ली के राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी और पुष्पांजलि अर्पित की।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के प्रधानमंत्री ली कियांग, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और अन्य राष्ट्राध्यक्ष और सरकार के प्रमुख दिल्ली के राजघाट पर अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि और पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे।

संपादकीय Editorial

# India's G-20

The capital New Delhi has become an 'impenetrable fort' and is also decorated like a bride. This is a historic moment for India. The summit of G-20 countries is to be inaugurated today. Almost all the heads of state and prime ministers have reached the courtyard of India. Joseph Biden as US President and Rishi Sunak as British Prime Minister have come to India for the first time. Around 10,000 foreign guests will enjoy Indian hospitality. Will enjoy coarse grain dishes and sweets. The G-20 is not just a geopolitical and economic development forum. This is such a G-20 conference, due to which India has come into the group of 'world-friends'. Now the chapters of India's potential, strength and cultural heritage are open before global leaders. They can assess and analyze. India has welcomed its foreign guests with cultural politeness. The imagery of our deities, animal world, artefacts, cultural heritage, dance, waterfalls and the presence of the wonderful statue of Lord Nataraja at the entrance of the 'Bharat Mandapam', the meeting place, looks very artistic. Art, culture and rituals are settled in every Rome of India. New Delhi looks like a city situated in a huge garden. Such security cordons have been deployed from the ground to the sky, which gives the feeling of 'Chakravyuh'.

Rafale, Miraj type fighter jets, short range missiles, anti-drone systems, air defense systems and spy helicopters have been deployed so that our dear guests do not have a moment's restlessness, insecurity, inconvenience. Seeing about 1.30 lakh policemen, paramilitary personnel, soldiers and commandos on the ground, it seems as if India is present in a 'battlefield'. However, the G-20 summit will seem to break the illusion that it is only a group of countries with large economies, as India, under its chairmanship, insists that the 'African Union', which is backward in economic development, should also be included in the G-20. The coming together of the developed, the developing and the third world on one platform will give holistic development. Prime Minister Modi's view and resolve is that the economy should be human-centric instead of GDP, only then global development and brotherhood is possible. US President Biden has accepted India's resolution as the 'Vision of the G-20'. Food security, energy-crisis and clean energy, world order, development, climate change, pandemic, employment, supply chain, terrorism, green tourism, global south, technology transfer etc. will be on the agenda to be discussed by global heads of state, prime ministers and experts. Issues are important. In fact, this agenda has been prepared by India itself, which will be discussed at the G-20 forum. This is India's G-20, because this conference is also a verification of India's all-round prosperity. It has also been estimated that during the consultations all the countries will set a target of $200 billion of mutual trade and industrial coordination. Even now, about 75 percent of the world's trade is done by G-20 countries only. India's prominence on the world stage will also increase. If our partnership with powerful countries increases, then multinational companies will make India their stronghold and start their plants. If production happens here, employment will also increase here. America is moving towards setting up 6 nuclear reactors in India. The talks of purchasing Predator drone and making its production center in India are in the final stages. ISRO and NASA will together decide the strategic framework and mission. France, Britain, Germany and many other countries have their own goals to work with India. It is noteworthy that India wants to invite fellow countries of 'Quad' like America,

# Unique initiative to change humanitarian perspective

G-20 countries account for approximately 85 percent of the world's GDP and 75 percent of global trade. Two-thirds of the world's population also resides in G-20 countries. India is going to hold the presidency of this group till November 2023 and during this time India is continuously paving the way for the world to come out of various global challenges. The rise of any nation is possible through the social and economic development of the people living there. . Education plays an important role in the multidimensional development of a nation. This is the reason why the countries whose education system is prosperous are more prosperous and prosperous on the global stage. In the last few years, India has also established new dimensions of progress, the result of which has been that India's identity has emerged as a strong and powerful nation on the global scene. During the golden period of independence, India was included in the G-20. Getting the opportunity to represent was a pleasant surprise in itself. G-20 is an intergovernmental forum of the world's 20 largest countries, representing a large part of the world's landmass. G-20 countries account for approximately 85 percent of the world's GDP and 75 percent of global trade. Two-thirds of the world's population also resides in G-20 countries. India is going to hold the presidency of this group till November 2023 and during this time India is continuously paving the way for the world to come out of various global challenges. India and G20 Summit- India is the mother of democracy and the concept of 'Vasudhaiva Kutumbakam' which we have been imbibing for centuries and are moving forward. Keeping this in mind, the theme of G-20 has been kept as 'One Earth, One Family, One Future'. At present the world is going through various kinds of crises. Climate change, creation of civil war situations in various countries and weakening global economy are part of this. The field of education is also facing a kind of transition period. Because of which we are lagging behind in achieving the goals of sustainable development. Hunger may be a big problem facing the world today, while on the other hand, the figures of children deprived of education are pointing us in the direction of major changes in education policies. According to an estimate, 260 million children in the world are unable to go to school. In such a situation, just imagine how the sustainable development goals will be achieved? It is education that makes the human resources of a country efficient and productive. In such a situation, how can opportunities for better, equitable, relevant and quality education be created at the global level by working with G-20 countries? Initiatives are being taken in this direction. Under the leadership of India, the G-20 group of countries are working under an Education Working Group, which aims to create an enabling environment for learning through basic literacy and technology. It is noteworthy that for this, the G-20 Education Working Group was established in the year 2018 under the chairmanship of Argentina. India, as a host nation, continues to propose solutions to the problems in the field of education under previous presidencies and to take forward discussions related to education that are preventing education from realizing its full transformative potential. In line with this spirit, many such priority areas have been identified. So that revolutionary changes can be brought in the field of education. Through G-20, India has presented a new blueprint of education to the world. Which is beneficial to some extent for all the emerging economies of the world. India has presented a four-phase outline to the education working group it is hosting. The first stage of which is related to basic literacy and numeracy. Its second phase includes increasing access to education with the help of technology, the third phase includes keeping in mind future needs and skill development and the fourth and last phase includes promoting research and partnerships. It is simple that if radical changes in the education system of these countries, which represent 85 percent of the world's population, become visible in the coming future, then the global scenario will change on a large scale. There will be a change in people's thinking towards the environment. World brotherhood and the feeling of 'Vasudhaiva Kutumbakam' - The feeling of world brotherhood and 'Vasudhaiva Kutumbakam' will be reflected in the deepening and the most important thing that will come out will be that such a global model will emerge in front of the world, where the second or third world There will be no space left for words like. Not only this, the world is well aware of the fact that there has been a rich heritage of Indian knowledge tradition and undoubtedly this heritage of India is again singing the glory of Indianness in front of the world and our country is being presented as the presenter of 'Vasudhaiva Kutumbakam'. Is emerging in. The mandate of the Education Working Group, chaired by India, includes identifying and understanding the barriers faced by learners. Also to help build on the strengths achieved over the past few years, particularly the use of technology in education and learning outcomes by making better efforts to enable critical reflection on teaching methods, curriculum, content, assessment and pedagogy To ensure and make education more relevant to the skills, competencies, values and attitudes required in the 21st century. Also, how can education be useful for human welfare? for this A. Efforts have to be made. The G-20 has also expressed significant commitment to leading the sustainable transition to a green economy. The world has seen and heard many times from global forums how serious our country's Prime Minister, Honorable Narendra Modi, is in dealing with environment and climate change. In such a situation, the G-20 group under the leadership of India will work to show the way to the world in dealing with climate change. According to UN Secretary General Antonia Guterres, 80 percent of the world's carbon emissions are produced by G-20 countries. In such a situation, 'Life Mission' can prove to be effective in this area. How to make life mission successful? Our country is very conscious about this and India has the capability to educate the world in this matter. Through the G-20, India aims to catalyze international action on sustainability with special emphasis on the role of foundational education, lifelong skills acquisition and higher education in the context of the future of work and society and the G-20 Summit. Taking the chairmanship, India aims to work together with G-20 countries to bridge the gap in quality education and skills. In which direction continuous efforts are going on. The theme of the G-20 summit, 'Vasudhaiva Kutumbakam' or 'One Earth, One Family, One Future', is in line with India's ancient belief. Whether we talk about the Corona period or India's commitment to deal with climate change. India is continuously making special contribution in solving global problems and achieving the goals.

# These valleys are calling these spirits...

I went to Kashmir for the last time in 1981. Before that, every year during summer holidays with my parents, I used to go to Kashmir and visit Vaishno Mata Devi. I went to Kashmir for the last time in 1981. Before that, every year during the summer holidays, I used to go to Kashmir and Vaishno Mata Devi with my parents, but after marriage, in August 1981, I went to Amarnath Yatra and Kashmir with Ashwini ji and my in-laws and in-laws. It was a very memorable trip. Shankaracharya also went to the temple and I also came with a vow, but after that terrorism in Punjab, martyrdom of Lala ji and Ramesh ji, then terrorism in Kashmir, stone pelting. I could not even imagine that I will ever go to Kashmir and I always had in my heart that I have to fulfill Aditya's vow also. I was called many times by Vijaydhar and his wife, who consider me as their sister, who run the DPS school there and now they have also built a theatre. He invited many times, because he is a person who never moved from there. No matter how much the situation worsens in Kashmir. Not only this, the State Tax Commissioner there Rashmi Singh is also my friend. He also invited many times that everything is fine in Kashmir, you must come but it is said that time is written for everything. My rakhi brother Kulbhushan Ahuja and his wife made a five-day program there which was difficult for me. But she joined them for 2 days with her dear friend Jyotsna Suri. As soon as we reached there and saw the sight there, all the fear disappeared. Such peace and beauty was worth seeing. I was Jyotsna's guest at Lalit Hotel. I have always been impressed by his hospitality when I stayed with him in his puja hut. Jyotsna Suri is an example of women empowerment in herself, who built 6 to 16 hotels in her name after her husband. Not only this, she works a lot for special children. It is making them self-reliant, it is a running institution in itself. What a beautiful hotel. This was earlier the palace of Raja Gulab Singh. Then Oberoi Hotel was built. Then I remember that Lalit Suri ji took it in 1998 but the hard work that Jyotsna Suri ji has done on it is worth seeing. On the concept of heritage i.e. old things, they have preserved the wooden floors at many places and have set them up in a new modern way, it is worth seeing. There are many places where many famous films have been shot. There is also a tree planted by Shammi Kapoor, it is also the place where Ya Hoon Chahe Koi Mujhe Junglee Kahe (Junglee movie) was shot. The shooting of the film Silsila, Kabhi Kabhi and many other old films has taken place in this hotel. Because in my view there is no other hotel in Kashmir which has everything. There are apple, pine and cherry trees. There are Mongolia trees, rooms like President Queen Suite as well as many villas, staying in which is a different heavenly experience. Every single thing of the hotel is important in Jyotsna ji's eyes. The most important thing is that the food is very tasty. They also fed us Kashmiri food. The staff and hospitality there is amazing. Not only this, what Kulbhushan Bhai Saheb showed us is an example for all the businessmen of the country. That is, it is an example of women empowerment. They have given work to about 5000 women there, who embroider shawls by hand and they are getting employment. We went to the village where they have made arrangements. Saw women working, talked to them. She was so happy that she has got employment and is raising her family and educating her children. Vimal, a paan masala vendor, was with us, who is building a temple like the Amarnath temple there. Garg Saheb used to compose poetry on every topic and?his lovely wife Manju Garg is the trustee of Amarnath. Not only this, both the husband and wife, the owners of Mankind, were with us. What old songs they sing. Juneja ji defeats big singers. We celebrated his beautiful wife Poonam's birthday there on a doge (motorboat), what a sight it was. There was also a provision for Lalit Hotel there. The food was very enjoyable. Prem Arora and his wife Upasana Varsha Goyal and Varindra Goyal, Anil and Meena, Manoj and Alka Arora of Yashoda Hospital, the overall feeling of my writing is that life there is normal, there is peace, there is the fragrance of love and affection. The people there are happy that they are getting employment. Tourists are coming. People are getting employment. Even Jyotsna and I woke up early in the morning and visited the Shankaracharya temple. I took my vow. There were about 250 stairs which I was finding difficult but Jyotsna who is not only my friend but also takes great care of me like an elder sister. Climbed 20 stairs, then rested for 5 minutes, then did not realize how I got the darshan while doing this. Jyotsna goes every time. It was difficult for me but he and his staff, especially Nikhil Chandra and Shukla ji, made it very easy for me. Then in the evening, it was my turn to meet the person due to whose hard work and understanding, peace has been restored in Kashmir. One who is fearless, fearless and completely dedicated to the country is the illustrious Lieutenant Governor of that country, Mr. Manoj Sinha, who is a civil engineer and has done B.Tech from Varanasi and M.Tech from IIT (BHU).

# बारिश में महानगर की सड़कें धंसी, गड्ढों में पानी भरने से तालाब की स्थिति



मुरादाबाद-सीवरेज पाइप लाइन कार्य के चलते खोदाई कर छोड़े गए गड्ढों ने बढ़ाई नागरिकों की मुसीबत , हरथला कांठ हरिद्वार मार्ग पर गड्ढों में वाहन के फंसने से लगा जाम बारिश में महानगर की सड़कें जगह-जगह धंस गईं। रामगंगा विहार, आशियाना फेज में सीवरेज पाइप लाइन के कार्य के चलते खोदाई कर छोड़े गए गड्ढों में पानी भरने से कई जगह सड़क धंस गई। घरों के सामने खड़े लोगों के वाहन सड़क धंसने से फंस गए। सड़क पर नाला-नाली का पानी बहने से गड्ढों का अंदाजा न चलने से वाहन चालक उसमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं। शनिवार-रविवार को लगातार बारिश ने महानगर की सड़कों को तालाब में तब्दील कर दिया है। सिविल लाइंस, जिगर कॉलोनी, हरथला, आशियाना में नाला ओवरफ्लो होने से पानी सड़क पर बह रहा है। रामगंगा विहार, आशियाना में जलनिगम के द्वारा सीवरेज पाइप लाइन बिछाने के कार्य में खोदाई कर गड्ढे छोड़ दिए गए हैं। जहां काम पूरा हो गया है वहां भी सड़क को रिस्टोर नहीं किया गया। जस का तस छोड़ देने से सड़क की मिट्टी पानी में बहने से जगह जगह गड्ढे गहरे हो गए।

जिससे आसपास की सड़क धंस गई। आशियाना फेज एक और दो में कई जगह सड़क धंसने से लोगों के घरों के सामने खड़े चार पहिया वाहन भी गड्ढों के चलते फंस गए। उन्हें निकालने के लिए लोग बारिश बंद होने का इंतजार कर रहे हैं। मूसलाधार बारिश का क्रम न थमने से जनजीवन बेपटरी हो गया है। जनप्रतिनिधियों की नाराजगी के बाद भी जलनिगम के अधिकारी और कार्यदायी संस्था के जिम्मेदार अपने कार्य को जल्द समेटने की गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। जबकि नगर विधायक और महापौर ने अक्टूबर तक डेडलाइन तय कर काम पूरा कराने की चेतावनी दी थी। फिर भी काम की सुस्ती बनी है। इससे नागरिकों का दर्द बढ़ता ही जा रहा है। हर दिन उन्हें सड़क के गड्ढों से होकर गुजरना पड़ता है। इसमें स्कूलों के वाहन और एंबुलेंस भी फंस रहे हैं। जिससे मरीजों को भी परेशानी हो रही है। आशियाना में काम के चलते आवागमन बाधित होने पर रोगी वाहन को नर्सिंग होम तक पहुंचने में लंबा चक्कर काटकर आना पड़ रहा है। इस कॉलोनी में कई नर्सिंग होम के पास भी गडढे होने से एंबुलेंस नहीं पहुंच पा रहे हैं। ऐसे में मरीजों के परिजन उन्हें गोद में लेकर इलाज कराने पहुंच रहे हैं।

# बारिश में सुबह टूटे तार, शाम को सही करने पहुंचे कर्मचारी




मुरादाबाद-बारिश में फॉल्ट और तार टूटने से नवीन नगर, लोकोशेड समेत आधा दर्जन मुहल्लों में 8-14 घंटे बिजली गुल रही। सुबह कई जगह फॉल्ट होने से तार टूट गए, लेकिन विभागीय कर्मचारी शाम को तार सही करने पहुंचे। दीवान का बाजार व रेती मुहल्ला समेत कई मुहल्लों में फॉल्ट होने की संभावना के चलते विभाग ने बिजली आपूर्ति बंद कर दी। कर्मचारियों की मनमानी से दिनभर लोग परेशान रहे। दिन निकलते ही बिजली कटौती ने नवीन नगर, अवंतिका कॉलोनी, लोकोशेड, चंद्र नगर, कांशीराम नगर, खुशहालपुर के लोगों को परेशान कर दिया। सुबह अवंतिका कॉलोनी में फाल्ट से टूटे तारों को पूरे दिन कोई बिजली कर्मचारी जोड़ने नहीं आया। जिससे अवंतिका कॉलोनी व नवीन नगर में शाम 6 बजे तक बिजली का संकट बना रहा। रात से हो रही बारिश से लोकोशेड, चंद्र नगर मोहल्ले के ज्वाइंट कनेक्शन वाले खंभे पर तारों में फॉल्ट हो गया। रात दो बजे हुए फाल्ट को अगले दिन बिजली कर्मचारियों ने शाम 4-00 बजे तक ठीक किया। लोकोशेड और चंद्र नगर के लोगों को 14 घंटे तक बिना बिजली के दुश्वारी झेलनी पड़ी। खुशहालपुर कॉलोनी के सुबह 10 बजे ट्रांसफार्मर में फाल्ट हो गया। जिसे बिजली विभाग के कर्मचारी 07 घंटे बाद शाम पांच बजे ठीक करने पहुंचे। कांशीराम नगर में लगे मोबाइल ट्रांसफार्मर से लोगों को बिजली 5-6 घंटे ही बिजली आपूर्ति हो पा रही है। शहर के दीवान का बाजार, लालबाग, पीरगैव मोहल्ले में बारिश में फाल्ट होने की संभावना के चलते 12 बजे से शुरू हुई बारिश के कारण शाम 6 बजे तक बिजली सप्लाई बंद कर दी। बारिश में फाल्ट होने की संभावना ज्यादा बनी रहती है। फाल्ट सही करने में भी खतरा बना रहता है। जिसके कारण शनिवार को कई लोगों को बिजली संकट से परेशान होना पड़ा। कुछ मुहल्लों में फाल्ट की सूचना के बाद जिन मुहल्लों में अधिक फॉल्ट होते हैं वहां की आपूर्ति बंद कर दी गई। बारिश बंद होने के बाद आपूर्ति सुचारु कर गई। देर शाम तक सभी स्थानों पर फॉल्ट भी दुरुस्त करा दिए गए।- संजय गुप्ता, अधीक्षण अभियंता ( नगर )

# फलाहे दारैन पंजाबी इण्टर कालेज की मैनेजिंग कमेटी का चुनाव हुआ सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-न्यायालय उप जिलाधिकारी सदर के आदेश पर कराया गया कालेज की मैनेजिंग कमेटी का चुनाव राजकीय इण्टर कालेज मानपुर मुजफ्फरपुर की प्रधानाचार्य डॉ0 श्वेता पूठिया ने कराया मैनेजिंग कमेटी का चुनाव मा0 न्यायालय विहित प्राधिकारी/ उप जिलाधिकारी सदर, मुरादाबाद के आदेश दिनांक 26.04.2023 के अनुपालन में श्रीमान सहायक निबंधक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद के पत्रांक संख्या 389 / आई-65894/ मुरादाबाद दिनांक 27.05.2023 के द्वारा संस्था फलाहे दारैन पंजाबी इण्टर कालिज, कांठ दरवाजा, मुरादाबाद की मैनेजिंग कमेटी का चुनाव सो.पंजी.अधि. 1860 की धारा 25( 2 ) में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्रीमान जिला विद्यालय निरीक्षक, जनपद-मुरादाबाद को नामित करते हुए उनके माध्यम से चुनाव कराये जाने का अनुरोध किया गया था। जिसके क्रम में श्रीमान जिला विद्यालय निरीक्षक, जनपद मुरादाबाद द्वारा पत्रांक संख्या- मा0मुरा0/ 5091-94/ 2023-24 दिनॉक 18.08.2023 द्वारा डॉ0 श्वेता पूठिया, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज, मानपुर, मुजफ्फरपुर, मुरादाबाद को कालेज की मैनेजिंग कमेटी का चुनाव कराये जाने हेतु चुनाव अधिकारी नामित किया गया था। श्रीमान जिला विद्यालय निरीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशों का पालन करते हुए चुनाव अधिकारी डॉ0 श्वेता पूठिया द्वारा चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया था। उपरोक्त के क्रम में संस्था फलाहे दारैन पंजाबी इण्टर कालेज, कांठ दरवाजा, मुरादाबाद के साधारण सभा के सदस्यों द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रमनुसार दिनॉक 08.09.2023 को प्रातः 10 बजे से 2.00 बजे तक 12 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन प्रस्तुत किये। प्राप्त 12 नामांकन को वैध मानते हुए चयनित मैनेजिंग कमेटी की घोषणा की जाती है, जोकि निम्नवत् है।

श्री हसनैन अखतर - अध्यक्ष, मोहम्मद आज़म शम्सी - उपाध्यक्ष, शहज़ाद अनवर शम्सी - प्रबंधक/सचिव, अशरफ अज़ीम शम्सी- उप प्रबंधक/उप सचिव, शमसुर रहमान - खजान्ची निर्विरोध मैनेजिंग कमेटी के ओहदेदार चुने गये। इसके साथ ही सदस्य पद पर मोहम्मद अरशद, मोहम्मद बुरहान शम्सी, औसाफ इलाही, विकार अहमद शम्सी, मोहम्मद उज़ैर शम्सी, मोहम्मद साजिद, नदीम अनवर शम्सी निर्विरोध चयनित किये गये।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# सीएम सामूहिक विवाह योजना के लिए करना होगा ऑनलाइन आवेदन

मुरादाबाद-सरकार ने 30 अगस्त से आदेश लागू किया, बिचौलियों से मिलेगा छुटकारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए अब ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा। सरकार ने 30 अगस्त को यह आदेश लागू कर दिया। 5 सितंबर से समाज कल्याण विभाग ने ऑफ लाइन आवेदन स्वीकार करने की प्रक्रिया पर पूरी तरह रोक लगा दी है। जिले के चार ब्लॉकों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 971 लोगों ने ऑफलाइन आवेदन किया था। अब उन्हें ऑनलाइन आवेदन करना होगा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की बेटियों के हाथ पीले करने के लिए कुल 51 हजार रुपये का अनुदान दिया जाता है। लाभार्थियों की शादी होने पर 35 हजार रुपये सीधे उनके खाते में भेजे जाते हैं। वहीं, 10 हजार रुपये कीमत के सामान वर-वधू को दिए जाते हैं। 6 हजार रुपये खाने पर खर्च किया जाता है। अभी तक योजना का लाभ पाने के लिए पात्रों को समाज कल्याण विभाग में ऑफलाइन आवेदन करना पड़ता था। शासन ने अब इसके लिए ऑनलाइन व्यवस्था कर दी है। योजना के पात्र वेबसाइट **https://cmsvy.upsdc.gov.in/applicationforms.php** पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आधार नंबर संलग्न होने के कारण नाम, पता, उम्र आदि की जांच खुद हो जाएगी। विभाग को सिर्फ यह पता करना रहेगा कि आवेदक कहीं शादीशुदा तो नहीं हैं। जितने आवेदक रहेंगे, उनकी शादी सामूहिक विवाह में करा दी जाएगी। ऑफलाइन आवेदन होने पर पात्र का नाम, पता, उम्र का भी सत्यापन करना पड़ता था। वित्तीय वर्ष 2023-24 में चार ब्लॉकों में 971 लोगों ने ऑफलाइन आवेदन किया है। जिसके कुंदरकी, नगर पालिका क्षेत्र ठाकुरद्वारा व ब्लॉक, डिलारी व भगतपुर शामिल हैं। शासन ने फर्जीवाड़ा रोकने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की व्यवस्था शुरू की है। आवेदन करते ही आधार कार्ड से नाम, पता और उम्र का सत्यापन हो जाएगा। फिर ब्लॉक स्तर से सत्यापन कराया जाएगा।-शैलेंद्र कुमार गौतम, जिला समाज कल्याण अधिकारी

# 500 के करीब पहुंची मंडल में डेंगू मरीजों की संख्या, नियंत्रण के उपाय बेदम

मुरादाबाद-स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े में मुरादाबाद में 201, संभल में 108, अमरोहा में 60, रामपुर में 78 और बिजनौर में 41 डेंगू के मरीज, डेंगू आशंकित 7 मरीजों की मौत मान रहा विभाग, बुखार के रोगियों की संख्या ने बढ़ाई चिंता मंडल में डेंगू बेकाबू और नियंत्रण के उपाय बेदम हैं। डेंगू मरीजों की संख्या 500 के करीब पहुंच गई है। जिसमें सर्वाधिक 201 डेंगू के रोगी मंडल मुख्यालय के हैं। जागरूकता और इलाज के समुचित प्रबंध न होने का




खामियाजा लोग भुगत रहे हैं। डेंगू के लार्वा को नष्ट करने के लिए न तो महानगर के मुहल्लों और ग्रामीण क्षेत्र में एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है और न ही प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य कर्मी सक्रिय हैं। सितंबर में हर दिन डेंगू के नये मरीज चिह्नित हो रहे हैं। मच्छरों पर अंकुश कर उनके लार्वा नष्ट करने में गंभीरता और जागरूकता के उपाय समय से न होने के चलते मंडल के हर जिले में डेंगू और बुखार के मरीज अस्पतालों में भरे होने से बेड कम पड़ रहे हैं। मंडल में डेंगू मरीजों की कुल संख्या 488 पहुंच गई है। जो स्वास्थ्यकर्मियों और चिकित्साधिकारियों के शिथिल कार्यशैली की पोल खोल रहे हैं। मंडल मुख्यालय पर सर्वाधिक 201 डेंगू के मरीज हैं। यहां बीजना गांव में ही 30 से अधिक मरीज अब तक सामने आ चुके हैं। शुक्रवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने इस गांव में निरीक्षण किया तो जलभराव और गंदगी सामने देखी। वहीं, मंडल मुख्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला पुरुष चिकित्सालय में 32 बेड के डेंगू और फीवर वार्ड में मरीज भरे हैं। चिल्ड्रन वार्ड का भी यही हाल है। मुरादाबाद के अलावा संभल 108, अमरोहा 60, रामपुर 78 और बिजनौर में 41 डेंगू के मरीज स्वास्थ्य विभाग अपने रिकॉर्ड में मान रहा है। हालांकि संख्या इससे कहीं अधिक होने का अनुमान है। क्योंकि निजी चिकित्सालयों में चिकित्सक मरीजों को डेंगू बताकर इलाज कर रहे हैं। लेकिन चिकित्साधिकारी एलाइजा जांच रिपोर्ट के बिना इसे मानने को तैयार नहीं हैं। वहीं 7 डेंगू आशंकित मरीजों की मौत भी विभाग मान रहा है। जिसमें मुरादाबाद और संभल में 3-3 और अमरोहा में एक डेंगू संभावित मरीज की मौत के आंकड़े हैं। मंडल के पांचों जिलों में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अब तक कुल 488 डेंगू के रोगी चिह्नित हुए हैं। सात डेंगू आशंकित रोगियों की मौत हुई है। जिसमें मुरादाबाद और संभल में 3-3 और अमरोहा में एक मरीज शामिल हैं। डेंगू रोगियों के इलाज और नियंत्रण के प्रभावी कदम उठाने के लिए सभी जिलों के चिकित्साधिकारियों को निर्देश एडी हेल्थ के माध्यम से दिया गया है। डॉ. नवीन रस्तोगी, मंडलीय सर्विलांस अधिकारी

WWW.KNLSLIVE.COM

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# गांजा व नशीली कफ सिरप, के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

रीवा- शातिर अपराधी है आरोपियों के ऊपर अलग अलग धाराओं में 07 अधिक मामले हैं दर्ज, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर,डीएसपी मुख्यालय हिमाली पाठक के मार्गदर्शन में गोविन्दगढ़ थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल को स्टाफ सहित मिली बड़ी सफलता गांजा व नशीली कफ सिरप बेच रहा था गांजा नशीली कफ सिरप पुलिस ने जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार थाना गोविंदगढ़ में अपराध क्रमांक 309/23 धारा 8/20( ड्ड )21,22 ह्ष्ठक्क, 5/13 औषधि अधिनियम के तहत आरोपी 1.रवि शर्मा पिता




ब्रजेंद्र शर्मा उम्र 27 वर्ष 2.बृजेंद्र शर्मा पिता राजकिशोर शर्मा उम्र 60 वर्ष दोनो निवासी जकीरा टोला टीकर थाना गोविंदगढ़ पर दर्ज कर विवेचना में लिया गया मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मुखबिर से सूचना मिली थी रवि शर्मा पिता ब्रजेंद्र शर्मा उम्र 27 वर्ष 2.बृजेंद्र शर्मा पिता राजकिशोर शर्मा उम्र 60 वर्ष दोनो निवासी जकीरा टोला टीकर का आम रोड में आम के पेड़ के नीचे गांजा व कफ सिरप रखकर बेच रहा है सूचना पर थाना गोविंदगढ़ की पुलिस ने तत्काल दबिश देते हुए आरोपी के कब्जे से गांजा व नशीली कप सीरप जप्त की बाद जब्ती आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया कार्यवाही में मुख्य भूमिका थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल .उप निरीक्षक डीजे सिंह सहायक उप निरीक्षक आर.जी वर्मा सहायक उपनिरीक्षक गुलाब सिंह सहायक उपनिरीक्षक संतोषी सिंह प्रधान आरक्षक महेंद्र द्विवेदी ,प्र.आरक्षक 977 गंगा सेन आरक्षक राहुल पाण्डेय आरक्षक उपेंद्र सिंह बघेल, आरक्षक नरेंद्र तिवारी आरक्षक दिवाकर तिवारी आरक्षक ,शिवानी सिंह ,गीतांजलि झारिया

# राजनीति संरक्षण प्राप्त अकौना सहायक सचिव पर नहीं हो रही कार्यवाही

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

रामपुर बघेलान ग्राम पंचायत अकौना में भगवान बनकर बैठी अकौना ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक आरती सिंह को लग रहा है कि उनके आका बैठे हुए हैं जिसकी वजह से उन पर कोई आंच नहीं आ सकती है लेकिन ऐसा होता दिखता नजर नहीं आ रहा है क्योंकि जो सच है वह सामने ही आएगा शिकायतकर्ता आरटीआई के तहत उनके दस्तावेज विजय प्रताप सिंह ने मांगे हैं जिनके दस्तावेज अधूरे ही उपलब्ध कराए गए हैं इस संबंध में जनपद सीईओ ने बताया कि मुझे इस की जानकारी नहीं है अगर आधे अधूरे ही दस्तावेज उपलब्ध कराई गई है तो निश्चित तौर पर मैं ऐसे अधिकारी पर कार्यवाही करूंगा और साथ




ही उनको पूरे दस्तावेज उपलब्ध सोमवार तक करवाऊंगा अब देखना यह है कि क्या सोमवार तक जनपद सीईओ दस्तावेज उपलब्ध कराते हैं या फिर ग्रामीणों को सतना कलेक्टर अनुराग वर्मा से गुहार लगाकर और न्याय की मांग करनी पड़ेगी कुल मिलाकर कहा जाए तो शिवराज जी के राज्य में नेताओं के संरक्षण से अधिकारी और कर्मचारी सरकार की योजनाओं पर पातिला लगा ही रहे हैं साथ ही फर्जी दस्तावेज लगाकर और नौकरी भी कर रहे हैं और इसकी अगर गुहार ग्रामीणों द्वारा लगाई जा रही है तो उनकी आवाज भी दबाने का काम किया जा रहा है भाजपा के कुछ नेता अपने आप को यह सोचते हैं कि अब सिर्फ और सिर्फ जो हम चाहेंगे वही होगा लेकिन ऐसा होता दिखेगा नहीं क्योंकि यह राजशाही नहीं बल्कि लोकतंत्र का जमाना है यहां पर तो जो सच होगा वह सामने ही आएगा देर है अंधेर नहीं बस कुछ दिन की बात है कुछ दिन में दूध का दूध और पानी का पानी होगा यहां पर ग्रामीणों ने बताया कि ऐसी योजनाएं हैं जो सरकार द्वारा चलाई जा रही है लेकिन उन पर भी रोजगार सहायक ने पाटिला लगा दिया है ग्राम पंचायत के पूरे काम अधूरे पड़े हुए हैं और सरपंच के ऊपर झूठे मुकदमे दायर करने की भी अब साजिश रची जा रही है साथ यह भी कहा जा रहा है कि यहां पर भ्रष्टाचार की इमारत लिखने में अगर कोई माहिर हैं तो वह रोजगार सहायक है

# किशोर का शव नाले में उतराता मिला,परिवार में मातम



क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी- जनपद के थाना समथर क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला अंबेडकर नगर में नाले में लगभग 14 बर्षीय किशोर का शव उतराता मिला। किशोर किन परिस्थितियों का शिकार हुआ रहस्यमय है। दरअसल, रविवार सुबह समथर कस्बे के लोग जब पंडोखर-मोंठ मार्ग से आ जा रहे थे तभी उन्होंने देखा कि कब्रिस्तान के नाले में एक शव उतरा रहा था। जिसकी चर्चा आग की तरह मोहल्ले में फैल गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकाल कर शिनाख्त कराई। मृतक की शिनाख्त सत्यदेव उर्फ सुन्नी ( उम्र 14 बर्ष ) निवासी मोहल्ला अंबेडकर नगर समथर के रूप में हुई।परिजनों की मानें तो सत्यदेव गत दिवस एक युवक के साथ काम पर निकला था। जब देर रात वह घर वापस नहीं आया तो परिजन उसकी खोजबीन कर रहे थे। सुबह लोगों को उसका शव नाले में उतराता मिला। सत्यदेव किन परिस्थितियों का शिकार हुआ रहस्यमय है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। परिजनों में सत्यदेव की मौत से मातम पसरा है।

# सरकारी योजनाओं से कोसों दूर ग्राम इटायल

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी- मऊरानीपुर उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवनारायण सिंह परिहार के नेतृत्व में जनपद झांसी के ग्राम इटायल में किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर विशाल किसान पंचायत हुई पंचायत में समस्याओं को लेकर किसान खूब गरजे जिम्मेदारों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। पंचायत में प्रमुख रूप से ग्राम इटायल से सिजारी तक रोड बनवाई जाने गांव में हाई स्कूल इंटर कॉलेज खुलवाए जाने सिंचाई हेतु खेतों में बिजली पहुंचाये जाने 2023 बर्बाद खरीफ फसल का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाए जाने को लेकर आज पंचायत में किसानों ने चिंतन मंथन किया। किसानों ने बताया साहब हमारा गांव इटाइल जिसकी लगभग 7000 की आबादी है यहां सरकारी योजनाएं कोसों दूर है गांव से लिंक रोड सिजारी पहुंचने के लिए रोड जो पीडब्ल्यूडी द्वारा एक वर्ष से बनाया जा रहा है आज तक नहीं बन पाया है




रोड जल्द बनवाया जाए हमारे गांव में आज तक हाई स्कूल इंटर कॉलेज नहीं है बच्चे 30 किलोमीटर दूर पढ़ाई के लिए प्रतिदिन जाते हैं मौसम खराब होने बारिश होने से स्कूल नहीं पहुंच पाते पढ़ाई बाधित होती है भविष्य बच्चों का अंधेरे में है गांव में जल्द से जल्द इंटर कॉलेज तक सरकारी स्कूल बनवाया जाए। इस वर्ष खरीफ फसल में तिली उर्द मूंग मूंगफली की फसल की फसल बोई थी सुखा बे मौसम बारिश के चलते संपूर्ण फसले नष्ट हो गई है अविलंब खेतों का प्लांट टू प्लांट सर्वे करा कर किसानों को मुआवजा दिलाया जाए पंचायत में किसानों ने बड़े दुखी मन से बताया साहब कई वर्षों से फसलें बर्बाद हो रही है उपज अच्छी न होने से हम लोगों के ऊपर कर्ज बढ़ गया है कर्ज चुकाने की हैसियत नहीं बची है समय पर हमको सरकार की तरफ से मुआवजा बीमा क्लेम नहीं मिलता है इस वर्ष भी खरीफ की फसल नष्ट हो गई है और इसी समय सरकारी बैंकों ने ऋण वसूली की आरसी काट दी है मुकदमा चालू कर दिया है हमको गांव से झांसी जाना पड़ता है जो लगभग 100 किलोमीटर दूर है हम लोग परेशान हैं हमारी भी सुनी जाए हम लोग प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से मांग करते हैं कि किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिया जाए और सरकारी ऋण वसूली पर अभी 6 महीने के लिए रोक लगा दिया जाए। कांग्रेस नेता शिवनारायण सिंह परिहार ने किसानों की पीड़ा बारी-बारी से सुनी किसानों को मदद दिलाने का भरोसा देते हुए कहा भाजपा सरकार को खुले मन से किसानों की मदद करना चाहिए क्योंकि बुंदेलखंड का किसान कई वर्षों से प्राकृतिक आपदाओं का शिकार है उपज अच्छी न होने से किसान कर्जदार है कर्ज न चुका पाने की स्थिति में आत्महत्या को मजबूर है हर साल फसले बर्बाद हो जाती हैं समय पर सरकार किसानों को मुआवजा बीमा क्लेम देने में नाकाम हो जाती है इस वर्ष भी फसल बर्बाद हो गई अब सरकार को चाहिए कि तत्काल सर्वे करा कर किसानों के नुकसान की भरपाई करी जाए लेकिन ऐसा ना करके किसानों के ऊपर कर्ज वसूली का नोटिस जारी करके शासन ने किसानों को हैरान और परेशान कर दिया सरकार बड़े-बड़े वादे और दावे करती है हर खेत पानी किसानो की आय दुगनी कर देंगे बीमा का लाभ देंगे किसानो की उपज का सही मूल्य देंगे लेकिन ये सारे वादे दावे हवा हवाई साबित हो रहे है

# सात अभियुक्तों को 02 अवैध तमंचा तथा 05 जिंदा कारतूस सहित किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा – थाना जैथरा पुलिस को मिली बडी सफलता, कस्बा जैथरा में दो पक्षों में हुई मारपीट तथा फायरिंग की घटना में सम्मिलित सात अभियुक्तों को 02 अवैध तमंचा तथा 05 जिंदा कारतूस सहित किया गिरफ्तार घटनाक्रमानुसार आज दिनांक 10.09.2023 को थाना जैथरा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा जैथरा में बस स्टैण्ड के पास दो पक्षों में आपस में झगडा हो रहा है। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल




मौके पर पहुंचकर देखा कि दोनों पक्षों से करीब 20-25 व्यक्ति आपस में मारपीट गाली गलौज तथा फायिरंग कर रहे हैं। पुलिस ने उपद्रवियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 7 अभियुक्तगण को 02 अवैध तमंचा तथा 05 कारतूस के साथ मौके से गिरफ्तार किया गया है। थाना जैथरा पर मु0अ0स0- 299/23 धारा 147, 148, 149, 323, 307, 504, 506 भादंवि, धारा 7 दण्ड विधि ( संशोधन ) अधिनियम व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम बनाम आलोक, सौरभ, प्रियांशु, ऋषभ, संजय, अखिलेश, आदित्य आदि 07 नामजद व 20- 25 नफर अज्ञात पंजीकृत कर थानास्तर से अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की

# पारिवारिक मामलों को बखूबी सुलझा रहा महिला थाना




क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी- हर छोटी-छोटी बातों को लेकर इन दिनों पारिवारिक व पति और पत्नी के बीच लगातार समस्याएं बढ़ती जा रही है, कभी चाय में शक्कर कम हो गई तो कभी सब्जी में नमक कम हो गया, पति बेटी से मिलने चला गया, कभी पति में सास को पैसे दे दिए, बहु मोबाइल पर ज्यादा बात करती है, इस तरह की छोटी-छोटी बातों पर लगातार झगडे के मामले महिला थाने में देखने को मिल रहे. जिनको सुलझाने में महिला थानाध्यक्ष नीलेश कुमारी, समाज सेविका डॉ नीति शास्त्री, डॉ नीलम गुप्ता, डॉ इंदिरा, सपना अग्रवाल, शालिनी गुरबख्सानी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है. महिला थाना अध्यक्ष नीलेश कुमारी इस तरह के मामलों पर बहुत ही सहज होकर संजीदगी से बात को सुनती है और मामलों का निस्तारण करने में पति और पत्नी दोनों पक्षों को समझने का प्रयास करती है.हाल में ही एक दर्जन से ज्यादा मामलों की सुनवाई महिला थाने में की गई, दोनों पक्षों को बुलाने का प्रयास किया गया, कुछ जोडे वक्त से पहुंचते हैं, इन में से चार मामलों में समझौता करा दिया गया, गौरतलब है कि महिला थाना पारिवारिक मामलों के निस्तारण कर परिवार को जोड़ने का प्रयास करता है जिससे किसी का घर न टूटे, क्योंकि घर टूटते ही बच्चों का जीवन तबाह हो जाता है।

# धर्मपरिवर्तन प्रकरण में डीआईजी गंभीर, दिए दिशा निर्देश, बैंक खातों को किया जाए चेक, पता लगाए कहीं विदेशी फंडिग तो नहीं हुई

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी- धर्मपरिवर्तन मामले को पुलिस उपमहानिरीक्षक जोगेन्द्र कुमार ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने अधीनस्थ अफसरों के कड़े निर्देश जारी करते हुए कहा है कि धर्मपरिवर्तन के मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों के बैंक खातों को चेक किया जाएगा। साथ ही यह पता लगाया जाए कि यह पैसा कहां से आया है और किसने भेजा है ताकि संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। मालूम हो कि प्रेमनगर थाना क्षेत्र के महावीरनपुरा मोहल्ले में हुए धर्मपरिवर्तन के मामले में अभी तक सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका हैं। इनमें पादरी आस्टीन, रवि, मोहन समेत सात लोग शामिल है। गिरफ्तार किए गए सभी




लोगों को जेल भेजा चुका है। इस मामले को पुलिस उपमहानिरीक्षक जोगेन्द्र कुमार सिंह ने गंभीरता से लिया है। डीआईजी जोगेन्द्र कुमार ने बताया कि यह पता लगाया जाए कि धर्मातरण के लिए कहीं न कहीं से फंडिग तो नहीं की गई है। जिससे लोगों को रुपए देकर धर्मातरण करने से लेकर उन्हें मोटीवेट किया गया हो। डीआईजी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश एस को निर्देश दिया है कि एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, सीओ सदर स्नेहा तिवारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की जाए ताकि यह पता लगाया जाए कि धर्मांतरण के लिए फंडिग तो नहीं की गई है। इसके अलावा गिरफ्तार किए गए पादरी आदि लोगों के बैंक खातों को पूरी तरह से चेक किया जाए। इन लोगों के खाते किन किन बैंकों में है। बैकों को लेनदेन कैसा होता था। इसके अलावा गिरफ्तार लोगों के सदस्यों की सूची तैयार कर उन पर नजर रखी जाए। डीआईजी ने कहा कि धर्मातरण और प्रचार प्रसार के लिए फंडिग करने वाले विदेश में बैठकर पूरा सिंडीकेट चलाते हैं। पुलिस इस सिंडीकेट के पीछे कौन हैं, इसका पता लगा रही है।

## प्रलोभन देकर धर्मांतरण

धर्मातरण करने वालों में गरीब, आर्थिक रुप से परेशान, समाज से सताए गए लोग शामिल हैं। किसी को बेहतर जीवन देने, नौकरी और परमेश्वर को पूजने से स्वास्थ्य संबंधी लाभ का प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराया गया। पुलिस की खुफिया टीम भी ऐसे लोगों की निगरानी कर रही है।

## डीआईजी ने प्रेमनगर थाने का किया आकस्मिक निरीक्षण

